हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

13 सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों ...



14 शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में चलाएंगे...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# रूक-रूककर हो रही बारिश से किसान परेशानी में, पिछड़ रही बोआई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अच्छी बारिश के इंतजार में किसान परेशानी में पड़ गए हैं। रूक रूककर और कुछ देर के लिए हो रही बारिश से जमीन जल्दी सूख जा रही है। जिले के कई तहसीलों में अब तक 60 फीसदी भी बारिश नहीं हो पाई है। गरज-चमक कर बादल लौट जा रहे हैं। हालांकि, इससे तापमान घटने से आमजनों को राहत जरूर मिल रही है। लेकिन, किसानों को अच्छी बारिश के इंतजार में बोआई पिछड़ रही है। मजबूत सिस्टम बनने के बावजूद उम्मीद के मुताबिक बारिश नहीं हो पा रही है।

कृषि विभाग ने इस वर्ष करीब 247 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लेने का संभावित लक्ष्य रखा है, जिसमें से अब तक 25 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इसमें सिंचाई से साधन संपन्न किसान ही फिलहाल धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं। लेकिन, ज्यादातर किसान जो कि बोता या लाई चोपी के माध्यम से धान की बोआई करते हैं, वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक जिले में 68 फीसदी बारिश हो पाई है। जिले के कई तहसील में सूखे के हालात हैं। भीषण गर्मी के बाद सूखी जमीन पर कुछ देर की बारिश पर्याप्त साबित नहीं हो पा रही है और बारिश का पानी सूखी जमीन अपने में समाहित कर ले रहा है, जिसके चलते किसान बादल की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

## गरज चमक कर लौट रहे बादल, लेकिन, सोनहा बतर के लिए मौसम अनुकूल

### प्रदेश में होगी अच्छी बारिश

एचपी चंद्रा ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी हिस्सों में बारिश की संभावना है। वहीं वज्रपात होने की भी प्रबल संभावना है। जुलाई के पहले सप्ताह से ही मजबूत सिस्टम बना हुआ है। आसमान में बादल लगातार छा रहे हैं। लेकिन, फिलहाल गरज-चमक कर लौट जा रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसका असर नहीं दिख रहा है। लेकिन, दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है।



### वायरल फीवर के बढ़ रहे मरीज

मौसम में बदलाव के साथ वायरल फीवर के मरीजों में भी बढ़ोतरी होने लगी है। लगातार बदल रहे मौसम को इसकी वजह मानी जा रही है। वहीं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा है। इसे लेकर ग्रामीण इलाकों में सतर्क बरतने की सलाह दी जा रही है। बारिश के दौरान ऐसी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ बसंत महेश्वरी ने बताया कि किसी प्रकार का संक्रमण होने पर उपचार के लिए मरीज अस्पताल जरूर आएं।

### बारिश की स्थिति (एमएम में)

| तहसील | अब तक बारिश | प्रतिशत |
|---|---|---|
| महासमुंद | 219 | 85.2 |
| सरायपाली | 145 | 67.9 |
| बसना | 161 | 73.3 |
| पिथौरा | 130 | 73.0 |
| बागबाहरा | 133 | 66.7 |
| कोमाखान | 78.3 | 39.2 |

## खबर संक्षेप

### खाना बनाने की बात को लेकर पत्नी और बेटी से मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** जिले में नए कानून "भारतीय न्याय संहिता 2023" के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। यह एफआईआर पटेवा थाने में दर्ज की गई है। केसरी कोसरिया ने पुलिस को बताया कि सुबह उसकी बेटी गीतांजलि, बेटा सागर व पति धनसिंग सभी घर में थे, तभी करीब 9 बजे उसके पति द्वारा अभी तक खाना सब्जी नहीं बनाई हो कहकर उसे गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट करने लगा। मारपीट करते देख केसरी की बेटी गीतांजलि कोसरिया बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया। केसरी ने बताया कि मारपीट से उसे दाहिने हाथ के कलाई एवं उंगली में तथा उसकी बेटी गीतांजलि कोसरिया के सिर एवं माथे में चोट आई है। मामले की शिकायत पर नए आपराधिक कानून के अनुसार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### एक्सीडेंट में एक घायल

**महासमुंद।** शहर में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने एक कार की ठोकर से युवक घायल हो गया। मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश यादव पिता भुनेश्वर यादव ने बताया कि मेरे पिता भुनेश्वर यादव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में भृत्य के पद पर कार्यरत है। वे 12 जून को लगभग 11 बजे घरेलू सामान बाजार से लेकर अपनी स्कूटी क्र सीजी 06 जीसी 9036 से घर जा रहे थे, तभी एनएच 353 सड़क जनपद पंचायत के सामने महासमुंद के पास महासमुंद से बागबाहरा की ओर जा रही कार क्र सीजी 04 पीपी 4676 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता स्कूटी सहित रोड पर गिर गए। एक्सीडेंट से मेरे पिता भुनेश्वर यादव के सिर में चोटें आई। जिन्हें जिला अस्पताल महासमुंद ले जा गया और प्रारंभिक उपचार बाद रायपुर रेफर करने कर दिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**प्रदर्शन :** राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने जताया आक्रोश

# भाजपा ने राहुल का तो कांग्रेसियों ने विष्णु व विजय का पुतला फूंका







हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर के दो प्रमुख चौराहों में देश के दोनों प्रमुख राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग मुद्दों में खिलाफत करते हुए एक दूसरे दल के नेताओं के का पुतला फूंका। राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बताए जाने का विरोध जताते हुए सोमवार को भाजपा ने बरोंडा चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। वहीं शहर के नेहरू चौक में कांग्रेसजनों ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बताते हुए और प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से इस्तीफा की मांग करते हुए पुतला दहन किया।

## राहुल ने बताया था हिंदुओं को हिंसक, वहीं प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था पर फूकें गए सीएम साय और गृहमंत्री शर्मा के पुतले

## प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही बढ़ रहा है अपराधः शाहबाज

बस्तर के लोहंडीगुड़ा निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया को राजधानी रायपुर के कुछ आपराधिक तत्व के लोगों द्वारा अपहरण कर छात्र की निर्मम हत्या का मामला प्रकाश में आने के बाद प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में छत्तीसगढ़ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी के नेतृत्व में नेहरू चौक में मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला दहन कर नारेबाजी की गई।

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने बताया, जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन चुका है। रायपुर के एक निजी कॉलेज में पढ़ रहे आदिवासी छात्र को लिफ्ट मांगना भारी पड़ गया, सरेआम गाड़ी पर बैठाकर ले जाना और छीना झपटी कर पीट-पीट कर मार दिया गया। स्पष्ट है कि भाजपा राज में पुलिस निष्क्रिय और निकम्मी बन गई है। प्रदेश की भाजपा सरकार में कानून का नही जंगल राज चल रहा है, जो कि सरकार की नाकामी को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष राजवानी ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही हत्याएं, लूटमार, चोरी, अपहरण व मॉब लिचिंग जैसी घटनाओं का पनपना इस सरकार की लचर कानून व्यवस्था का स्पष्ट परिचायक है, मंगल मुरिया ने सिर्फ अपना पिन नंबर नहीं बताया तो उसे अपराधी तत्वों ने उसे मार डाला। साय की सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके है। आदिवासी समाज में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को देखते हुए गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

### यह रहे पुतला दहन में मौजूद

इस दौरान शुभम चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, अनीश राजवानी, सोमनारायण साहू, कान्हा प्रधान, आयुष भोसले, पुष्कर साहू, युवराज कन्नौजे, पवन कनौजिया, हिमांशु निर्मलकर, मोहित यादव, गोलू यादव, प्रियांशु चंद्राकर, विक्की चंद्राकर, बबलू कन्नौजे, पप्पू कन्नौजे, होरीलाल साहू, सोमेश्वर साहू, दामू साहू, निहाल साहू, निखिल साहू, अवी चंद्राकर, फैलेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

राहुल गांधी द्वारा लोकसभा सदन में देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज को हिंसक बताना हिंदू विरोधी चेहरा व उनकी मानसिकता को दर्शाता है। जिसके विरोध में महासमुंद भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बरोंडा चौक में राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के गगन भेदी नारों के साथ पुतला दहन कर उग्र विरोध प्रदर्शन किया।

### यह रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, पार्षद देवीचंद राठी, मनीष शर्मा पार्षद, जनपद सभापति दिग्विजय साहू, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के देवेंद्र चंद्राकर, रमेश साहू, राहुल चंद्राकर, पार्षद संदीप घोष, संतोष वर्मा, अरविंद प्रहरे, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमन वर्मा, रामेश्वर गब्बर साहू सभापति जनपद, युवा मोर्चा भाजपा अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, हिमांशु चंद्राकर, जतिन रूपरेला, कुशाल ठाकुर, सोमेश दावड़ा, सुनीता साहू, अभिषेक पांडे, अमित साहू, घना साहू, गुड्डा सिन्हा, कुंदन साव, यशवंत साहू, भुनेश्वर साहू, जग्गू छुरा, हर्ष गौतम, प्रहलाद यादव, रमेश पटवा, यतेंद्र साहू, बादल मक्कड़, कुशल साहू, शुभम बाघमारे एवं समस्त भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# महिला पटवारी को जान से मारने की धमकी

## गाली गलौज करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

महासमुंद तहसील में पदस्थ महिला पटवारी त्रिवेणी देवांगन को धमकाने, गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने देने वाले ग्रामीण कामता साहू पिता सुनहर के खिलाफ महासमुंद थाना में एफआईआर दर्ज किया गय है। घटना 1 जुलाई 2024 की सुबह की बताई गयी है। जब महिला पटवारी अपने घर में थी, तब आरोपी कामता अचानक उसके घर में सुबह 8 बजे पहुंच कर उसके परिवार वालों और मोहल्ले वालों के सामने हंगामा करने लगा और जान से मार देने की धमकी देने लगा। इससे महिला पटवारी ने व्यथित होकर पटवारी संघ के पदाधिकारियों के साथ थाना महासमुंद पहुंचकर मामला दर्ज कराया।



सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 तथा 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पटवारी ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। राजस्व पटवारी संघ महासमुंद ने भी पुलिस प्रशासन से आरोपी के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## बजरंग दल ने किया राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं के खिलाफ घृणा से ग्रसित होकर बयानबाजी किया गया है, जिससे हिंदू समाज की भावना आहत हुई है। हिंदू समाज के सहनशीलता को बार बार कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा परीक्षा लेने की कोशिश की जा रही है, जो अब बर्दाश्त नही किया जाएगा। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल एवं समस्त हिंदू समाज सरायपाली की ओर से राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। सभी बजरंगी एवं हिंदू समाज इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

### रथ यात्रा को लेकर हुई उत्कल गांड़ा समाज की अंतिम बैठक

**महासमुंद।** प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर उत्कल गांडा समाज के युवाओं की शंकराचार्य भवन में अंतिम बैठक हुई। बैठक में सभी वार्डों से उत्कल समाज प्रमुख शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने स्वयं से आर्थिक सहयोग दिया गया, सभी कार्यक्रम को सफल बनाने बहुत उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में सभी वार्डों में निवासरत उत्कल समाज के लोगों को पूरे परिवार सहित शामिल होने का निवेदन किया गया। एकत्रीकरण स्थल मंडी रोड स्थित श्रीराम पाठशाला के समीप दोपहर 1 बजे एक साथ बाजे-गाजे के साथ हाथ में ध्वज लेकर जगन्नाथ के जयकारे के साथ नेहरू चौक पहुंच कर जगन्नाथ रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से बबलू हरपाल, महेंद्र सिक्का, सोनाधर सोनवानी, दीपक नायक, दशरथ महानंद, सूरज नायक, संतु महानंद, सुनील नायक, विष्णु सिक्का, परखित हरपाल, जगन्नाथ छुरा, मनोज कुलदीप, प्रफुल सोनवानी, रविंद्र महानन्द, दारासिंग छत्रि, धरमु तांडी, सोनू कुलदीप, रिंकू महानन्द, जुगराज महानंद, कन्हैया नायक, बबलू नायक, विक्की महानंद, लखन विभार, तुलसी कुमार, सुदर्शन कुमार, तरुण कुमार, लोचन बघेल, अंशुल, राहुल, आशीष सिक्का, कान्हा प्रधान सहित बड़ी संख्या में उत्कल समाज के युवा उपस्थित थे।

**विभागीय डाटाबेस नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने से वितरण प्रभावित**

# कार्डधारियों को आज से मिल पाएगा सरकारी राशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विभागीय डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने के कार्य के चलते जुलाई के पहले ही दिन जिले की 593 शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों से हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का कार्य पूरा हो चुका है। लोगों को आज से राशन दुकान पहुंचकर होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आज से कार्डधारियों को सरकारी राशन मिलने में परेशानी नहीं होगी।

बता दें कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत प्रदेश के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। वर्तमान में खाद्यान्न पोर्टल को छोड़कर सभी विभागीय ऑनलाईन कार्यवाही राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है।

एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किराए पर लिया गया है। इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित किया जाएगा। इसके कारण एसडीसी स्थित विभागीय सर्वर तीन दिन तक बाधित रहेगा। मालूम हो कि जिले में 3 लाख 32 हजार 659 राशन कार्डधारी हैं, जिन्हें जिले की 593 शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों से चावल, शक्कर और नमक मिलता है।



### 92 फीसदी नवीनीकरण

बता दें कि जिले में कुल 3 लाख 32 हजार 659 राशन कार्डधारी हैं। फर्जी राशनकार्ड की छंटनी करने राशनकार्ड का नवीनीकरण शुरू किया गया, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून थी। जिले में अंतिम तिथि तक मोबाइल के माध्यम से 2 लाख 9 हजार 295 लोगों ने आवेदन किया। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 95835 ने आवेदन किया। कुल 305124 हितग्राही राशनकार्ड नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन किया था। अभी भी 27 हजार 535 राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हो पाया। राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए तीन बार अंतिम तिथि बढ़ाई गई। नवीनीकरण नहीं कराने वालों में सामान्य राशन कार्डधारियों की संख्या अधिक है। जबकि, गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों का शत-प्रतिशत नवीनीकरण किया जा चुका है।

### अब समस्या नहीं

विभागीय डाटाबेस को नए क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने के कारण एक से तीन जुलाई तक सर्वर बंद रहने की सूचना थी। जिससे राशन दुकानों से राशन का वितरण सोमवार को नहीं हो पाया। लेकिन, सोमवार दोपहर से ही सर्वर शुरू हो गया। अब राशन वितरण में कोई समस्या पेश नही आएगी।

**-संजय शर्मा**
एफओ, खाद्य विभाग, महासमुंद

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में बिजली करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जुलाई को ग्राम बिरकोनी में राजवैली (42 साल) निवासी आरंग ( रायपुर) हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### स्कूल के पास सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा के देवाशीष स्कूल के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 जून को देवाशीष स्कूल के पास हंस कुमार मिरधा पिता बालूराम मिरधा 46 साल निवासी ग्राम सिर्री की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## अभविप के नए जिला सयोजक होंगे ललित



**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रांत अभ्यास वर्ग 27 से 30 जून को कवर्धा में संपन्न हुआ। जिसमें संगठनात्मक निर्णय लिया गया। अंतिम दिवस 30 तारिक को नए घोषणा किए गए। जिसमें ललित साहू को एबीवीपी महासमुंद के जिला संयोजक नियुक्त किया गया।



## कई वरिष्ठ सीए का सम्मान

**रायपुर।** नेशनल चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर रायपुर ब्रांच ऑफ इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने देश और प्रोफेशन के लिए दी गई सेवाओं लिए वरिष्ठ सीए को सम्मानित किया। पूर्व अध्यक्ष सीए अमित चिमनानी, संजय बिल्थरे, रवि अग्रवाल, आशुतोष श्रीवास्तव, मदन उपाध्याय, सुरेश अग्रवाल, संजीव राठी,शशिकांत चंद्राकर,दीपिका नतथानी,श्याम सुंदर अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल,विनय पलसानिया, सिद्धार्थ पारख,योगेश पुरोहित जितेंद्र खनूजा,चेतन तारवानी, सुमित बड़वानी, आशीष सेवक,मनमिश राजपाल, रीना जैन सहित वरिष्ठ जन का सम्मान हुआ। सीआईआरसी के पूर्व अध्यक्ष जीएस अग्रवाल व किशोर बरडिया, रायपुर ब्रांच अध्यक्ष धवल शाह, सचिव रश्मि बांगला, मैनेजिंग कमिटी से रवि, ग्वालानी, विकास गोलछा, गोपाल अग्रवाल, रवि जैन माजूद रहे।

# पढ़ई तिहार में अभ्यास स्कूल के बच्चों ने शैक्षणिक खेलकूद से दिखाई शारीरिक और बौद्धिक क्षमता

### पढ़ाई के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ाने घरेलू सामग्रियों की मदद से बताई गई गणित और भाषा की प्रारंभिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए घर और स्कूल के परिवेश को समान करने के उद्देश्य से अभ्यास प्राथमिक शाला में पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित इस तिहार में बच्चों ने शैक्षणिक खेलकूद के जरिए अपनी शारीरिक और बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। पढ़ाई के प्रति बच्चों में लगन जागृत करने के लिए शिक्षकों ने बच्चों को घरेलू सामग्रियों की मदद से गणित और भाषा की जानकारी दी। मंगलवार को स्कूल परिसर में बच्चों के साथ उनकी माताओं को बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और सर्वांगीण विकास के लिए टिप्स दिए गए। बताया गया कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है, लेकिन खेल वह हो जिसमें बच्चों को स्कूली शिक्षा भी मिले। माताओं को बताया गया कि शिक्षा के लिए बच्चों को पर्याप्त अवसर और प्रोत्साहन दें। अभ्यास प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत करने के लिए शैक्षणिक खेलकूद का आयोजन किया जाता है। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम बच्चों के मन में घर और स्कूल के भेद को खत्म करने के लिए है, इसके लिए माताओं को भी प्रशिक्षत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों की माताओं को बुलाकर बताया जा रहा है कि घरेलू सामग्रियों की मदद से बच्चों को किस तरह गणित और भाषा की जानकारी दी जाए। माताओं में बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरूचि को बढ़ाने स्मार्ट मदर की घोषणा कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। पढ़ई तिहार के तहत अभ्यास स्कूल के बच्चों ने शारीरिक विकास का परिचय देते हुए संतुलन बनाकर चलना, लक्ष्य पर कूदना और पेपर फोल्डिंग की गतिविधियां पूरी की। बौद्धिक विकास के खेलों में रंगों की पहचान, एक जैसी वस्तुओं की पहचान के साथ वर्गीकरण और क्रमानुसार गणना के कार्यों को कर दिखाया। पढ़ई तिहार के आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर, जायसी वर्मा और सरिता साहू की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में बच्चों की माताओं के प्रतिनिधि रूप में नम्रता यादव, ज्वाला सूर्यवंशी, रेवती यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।






## बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने ड्रॉपआउट मुक्त ग्राम पंचायत अभियान

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में ड्रॉपआउट मुक्त ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा किया गया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत इस अभियान का उद्देश्य जिले की सभी ग्राम पंचायतों को ड्रॉपआउट मुक्त बनाना है। इसके तहत कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को शाला की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है, जो किसी भी कारण से शाला त्याग चुके हैं। डिस्ट्रिक्ट लीडर महेंद्र आर्य पिरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलोबोरेटिव) ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष के बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ना है। आकांक्षी ब्लॉक पिथौरा की 126 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों को इस अभियान के बारे में जानकारी दिया गया। इस बैठक में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान, उनके ड्रॉपआउट होने के कारणों का पता लगाना, और उनका पुनः नामांकन कराने पर जोर दिया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने इस प्रयास की सराहना करते हुए पूरे जिले में अभियान को विस्तारित करने की घोषणा की। उन्होंने पंचायतों, स्कूलों, शिक्षकों और सामुदायिक संगठनों को सहयोग करने की अपील की। सामुदायिक बैठकों, कार्यशालाओं और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को इस अभियान के महत्व और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान से उम्मीद है कि महासमुंद जिले के सभी बच्चे अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगे और स्किल डेवलपमेंट में मदद पाकर अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकेंगे।

## मुक्तिधाम के सामने पौधारोपण



**महासमुंद।** भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम के सामने मंगलवार को वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद मनीष शर्मा ने मां के नाम एक पेड़ लगाया और लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

# ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया की बनी वैश्विक पहचान

### संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संस्था ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता तथा नवाचार एवं जन कल्याण गतिविधियों के साथ अन्य कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त हुआ। संस्था अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा किए गए ग्लोबल पार्टिसिपेशन एवं सतत विकास लक्ष्य 13 क्लाइमेट एक्शन के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने सराहना की है। साथ ही प्रमाण पत्र एवं ईमेल भेजा है। जिसमें स्पष्ट लिखा है कि विश्व पर्यावरण दिवस की वैश्विक सफलता में सहभागिता के लिए प्रशंसा करते हुए साथ मिलकर भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता के लिए कार्य कर सकते है। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजुरी बिश्वनाथ बताया कि छत्तीसगढ़ के ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया संस्था द्वारा विगत 5 वर्षों से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) एवं स्थानीय वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर रही है।

हर वर्ष की भांति 2024 वर्ष के लिए विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत 5 से 30 जून तक संस्था के द्वारा छत्तीसगढ़ के दुर्ग, बागबाहरा, महासमुंद, रायपुर, गीदम, दांतेवाड़ा, जगदलपुर ऐसे अलग अलग जहर पर पौधारोपण, शपथ ग्रहण, नवाचार प्रोजेक्ट, चित्रकला, रंगोली, स्लोगन नारे, निबंध प्रतियोगिताएं एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया की इस शानदार सफलता के लिए संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों विष्णु महानंद, प्रवीण खरे, रूपेश गोयल, डॉ विकास अग्रवाल, महफूज हुसैन, सुरेश परमार, डॉ विजय शर्मा, डॉ गोवर्धन लाल बघेल, पंडित भागीरथी दुबे, पं टिकेश्वर मिश्रा, डॉ योगेश बढ़ाई, ईश्वरी प्रसाद नायक, कुणाल सिंह सेनापति, प्रो संयुक्ता पाढ़ी, डॉ आदित्य कुमार शर्मा, डॉ सुरेश शुक्ला, डॉ वीरेंद्र कर, डॉ गिरधारी साहू, जगदीश हीरा साहू, पूनम सिंह साहू, विवेकानंद दास ने गौरव का अनुभव करते हुए यूएनईपी को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कड़ी में इस अंतराष्ट्रीय उपलब्ध लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया से जुड़े मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

# रोहिना में मनाया गया प्रवेशोत्सव, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भी वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

शासकीय हाईस्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला रोहिना के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ थे। अध्यक्षता प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक टीआर पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, पालक सदस्य तुलाराम राणा, अशोक राणा, उर्मिला सेठ, श्रीमती यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात कक्षा नौवीं एवं छठवीं के छात्रों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश कराया तथा नवप्रवेशी छात्रों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक, कॉपी, पेन, कंपास बॉक्स का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सुरेंद्र सेठ ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा ही महत्व है। पढ़ लिखकर ही डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस अफसर बनते हैं। आज सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध की जा रही है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने की अपील की। टीआर पटेल ने सरकारी स्कूलों में संचालित की जा रही है जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति आदि का वितरण किया जा रहा है।

व्याख्याता केके साहू ने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। सभ्य समाज के निर्माण में बालिका शिक्षा का बड़ा महत्व है। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए ही शासन द्वारा सरस्वती साइकिल योजना संचालित की जा रही है। ताकि, बेटियां भी स्कूल आसानी से आ जा सकें। प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने कहानी के माध्यम से बताया कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की अनुकूल परिवेश उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभाव परिणाम पर भी देखने को मिल रहा है। इस वर्ष कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम करीब 95 प्रतिशत रहा है। उन्होंने ने कहानी के माध्यम से बताया कि सालभर मन लगाकर पढ़ाई करें। ताकि, परीक्षा के समय भयभीत होने कि नौबत न आये। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार पटेल, सूरज कुमार पटेल एवं लीला पटेल, नवीन बेहरा, पालक सदस्य समारु जगत, खीरसाय, सूरत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कलेश साहू ने एवं आभार व्यक्त टीआर पटेल ने की।



## अस्पताल के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि का लाभ देने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा 19 सूत्रीय ज्ञापन

आंबेडकर अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों को उनकी योग्यता के अनुसार श्रम सम्मान राशि का लाभ देने की मांग की गई है। इसके साथ ठेका कर्मियों को कलेक्टर दर पर भुगतान सहित 19 सूत्रीय मांगों पर चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया है।

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष एसएस सोनी के नेतृत्व में आंबेडकर अस्पताल के कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम से मुलाकात की। उन्होंने मांग की है कि अस्पताल में चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की संख्या सात सौ बिस्तर के सेटअप के आधार पर है, जबकि यहां की क्षमता 14 सौ बेड की हो चुकी है। तमाम अड़चनों को दूर कर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने की मांग की गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि ठेका एजेंसी कर्मचारियों को विभिन्न तरह से प्रताड़ित करती है। वर्दी देने के बदले उनके वेतन से राशि काट ली जाती है।

साथ ही समय पर वेतन भी नहीं दिया जाता, जिसकी वजह से कई बार आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। कर्मचारियो ने अस्पताल के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान करने के मांग की है। कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में जिक्र किया है कि अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों के परिवार को अस्पताल में उपचार की सुविधा प्रदान की जाए और उनके लिए पृथक से सुविधा युक्त बेड की व्यवस्था की जाए।

## 35 डॉक्टरों को किया सम्मानित

**रायपुर।** चिकित्सक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब रायपुर सीनियर द्वारा कोटा रोड स्थित सुयश अस्पताल के संचालक डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. मनोज लाहोटी और नितिन गोयल सहित 35 चिकित्सकों का सम्मान किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के संयोजक डॉ. निरंजन हरितवाल, संतोष गुप्ता, दीपक सिन्हा, दिवाकर अवस्थी, सुरेश अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन

**रायपुर।** वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन छग के तत्वावधान में आयोजित छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप रायपुर में हुई। पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित छग पॉवर लिफ्टिंग की टीम में पुरुष वर्ग में राहुल सारथी, आदिल खान, खीलन सिंह, मोनू गोस्वामी, राजा राजपूत, लखपति सिंदूर, महेश आजाद, शुभम वैष्णव, विनय वैष्णव, दीपेश नायक, जयदीप गुप्ता, कैलाश कुर्रे, रोहित कुमार चौधरी, मुकेश कहार, रूपेंद्र सोनकर, दिनेश कारवा, आयुष शर्मा, अनुराग साहू, कुंदन साहू, दिव्यांश ओझा तथा महिला वर्ग में कमला देवी मंगतानी, शकुंतला सिंह, संजीदा खातून, सलीता पनेडिया, सुमन मरकाम, जया साहू, छग टीम पुरुष वर्ग के मैनेजर प्रदीप क्षत्रिय और महिला वर्ग के कल्याणी महोबिया होंगे।

### तात्यापारा-शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम को अधिकृत करने पर दिया जोर

# तेलीबांधा से टाटीबंध की सड़क होगी चकाचक स्ट्रीट लाइट पर खर्च होंगे 2 करोड़ 64 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा से टाटीबंध तक की सड़क अब दूधिया रोशनी से जगमगाएगी। नगर निगम इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने 2 करोड़ 64 लाख रुपए खर्च करेगा। एमआईसी ने इस मार्ग में प्रकाश व्यवस्था के लिए टेंडर की अनुमति दी है। इसी तरह आक्सीजोन उद्यान का पूर्व मंत्री व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही शहर के घनी आबादी वाले व्यस्तम मार्ग तात्यापारा-शारदा चौक के दोनों तरफ के सड़क चौड़ीकरण के लिए एजेंसी बदलकर नगर निगम को अधिकृत करने पर जोर दिया गया।

गांधी सदन में सोमवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इसमें 10 एजेंडों. पर सदस्यों ने चर्चा कर कर आपसी सहमति के बाद 8 एजेंडे पारित किये, 2 एजेंडे को लंबित रखा गया है। दरअसल, तात्यापारा से शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण का बहुप्रतीक्षित मसला एमआईसी की बैठक में आया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने तात्यापारा-शारदाचौक चौड़ीकरण का काम तत्काल शुरू होना आवश्यक है। 500 मीटर के प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर श्री ढेबर ने राजस्व विभाग के अध्यक्ष अंजनी-राधेश्याम विभार की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जिसमें वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा के अलावा इंदिरा गांधी वार्ड पार्षद सुरेश चन्नावार, विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई को इसमें सदस्य के रूप में शामिल किया है। इस समिति की जल्द बैठक होगी।

महापौर एजाज ढेबर ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को लेकर बनाई गई समिति बैठक लेकर पुराने दस्तावेज का अध्ययन करेगी। इसमें तत्कालीन महापौर सुनील सोनी के कार्यकाल में सड़क चौड़ीकरण किस तरह किया गया, मुआवजा का आधार और इसके माध्यम पर विचार करेगी, क्योंकि उस समय दोगुना मुआवजा का प्रावधान नहीं था, जबकि वर्तमान में शहरी क्षेत्र जमीन के मुआवजा में प्रभावितों को दोगुना मुआवजा का प्रावधान है। श्री ढेबर ने राज्य सरकार से तात्यापारा शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए 200 करोड़ दिये जाने की मांग की है।

**पेंशन प्रकरणों को मंजूरी**

बैठक में निराश्रित पेंशन योजना से संबंधित 25 पात्र प्रकरणों और राष्ट्रीय परिवार सहायता पेंशन योजना से संबंधित 8 पात्र प्रकरणों को सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई।



*आक्सीजोन उद्यान तरुण चटर्जी के नाम : एमआईसी ने आक्सीजोन का नामकरण पूर्व महापौर स्वर्गीय तरुण चटर्जी के नाम पर करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पी. जगन्नाथ राव नायडू के नाम पर श्मसानघाट काली मंदिर से मेडिसाइन हास्पीटल तक के मार्ग का नामकरण किये जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए इसे नगर निगम की सामान्य सभा में विचार के लिए रखे जाने के निर्देश दिये।*

- एमआईसी की बैठक में 10 एजेंडों पर, चर्चा 8 पारित, 2 प्रस्ताव लंबित

**पौधारोपण के लिए सुझाव**

महापौर ने जोन कमिश्नरों को सभी पार्षदों की जोन में बैठक लेकर मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान में लगाये गये पौधों की सुरक्षा करने और नये पौधे लगवाने निर्देश दिये। बैठक के दौरान पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष सुरेश चन्नावार ने शहर में अविकसित गार्डन में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ पौधे लगाने के सुझाव दिये। उन्होंने इस बार शहर में 5 से 6 फीट ऊंचाई वाले करीबन 2 हजार पौधों का रोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराने की जरूरत बताई।

एमआईसी की बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, ज्ञानेश शर्मा, अंजनी-राधेश्याम विभार, सतनाम पनाग, सुरेश चन्नावार, जितेंद्र अग्रवाल, रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, सुंदर जोगी,द्रोपती पटेल, सहदेव व्यवहार, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसयूवी कारों के टॉप मॉडल में अब दो माह से कम की वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें मिल रहीं आन डिमांड

प्रदेश में चारपहिया वाहनों में लंबी वेटिंग का दौर अब लगभग समाप्ति की तरफ है। अब एसयूवी की किसी भी कार के टॉप मॉडल के लिए महज दो माह से भी कम का इंतजार करना पड़ रहा है। बीते दो तीन सालों से कई मॉडलों में एक से डेढ़ साल तक की वेटिंग चल रही थी, लेकिन अब सप्लाई ज्यादा होने के कारण ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। अब मनपसंद मॉडल आसानी से मिल रहे हैं। वैसे जहां तक आन डिमांड का सवाल है, तो 5 से 8 लाख तक की कम बजट वाली कारें वो जरूर आन डिमांड मिल रही हैं।

आजकल जो भी कारें बन रही हैं, वे सब बीएस- 6 बन रही हैं। इसमें हाईटेक फीचर रहते हैं। इनके लिए सेमीकंडक्टर जरूरी होता है।सेमीकंडक्टर का मतलब अर्धचालक होता है और इसका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने में किया जाता है। मौजूदा समय में जितनी भी कारें बाजार में आ रही हैं, उन सभी में सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल किया जाता है। इनका इस्तेमाल करंट को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इनके बगैर मौजूदा कारों की कल्पना करना बेकार है, क्योंकि ये न हों तो कार में हाईटेक फीचर्स का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कारों को चलता-फिरता कंप्यूटर बनाने में सेमीकंडक्टर की अहम भूमिका है। इसकी कमी के चलते ही पिछले दो-तीन साल से कारों की सप्लाई प्रभावित रही है। लेकिन अब सप्लाई तो सामान्य हो गई है, लेकिन अब डिमांड ज्यादा हो गई है।

**एसयूवी का क्रेज ज्यादा**

बहुत सी ऐसी कंपनियां हैं जो एसयूवी टाइप की गाड़ियां बनाती हैं। इस गाड़ी को बनाने का मकसद यह है कि यह किसी भी परिस्थिति में और कहीं पर भी चलाई जा सकती है।

**अब वेटिंग कम**

कारों में अब वेटिंग बहुत कम हो गई है। कोई भी मॉडल डेढ़ से दो माह के अंदर मिल जा रहा है।

- **विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, राजधानी ऑटोमोबाइल एसोसिएशन

## झेरिया यादव समाज की बैठक एक जोड़े का आदर्श विवाह

**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित कार्यालय में गत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकारिणी एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार 21 जुलाई को जांजगीर-चांपा में प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध दुष्प्रचार करने वाले अन्य संगठन एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, सामाजिक नियमावली में आंशिक संशोधन एवं एक जोड़े का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। यह जानकारी प्रदेश सचिव सुंदरलाल यादव ने देते हुए बताया कि इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव, बैसाखू राम यादव, घुरऊ यादव, नरेश यादव, मतवारी यादव, परदेसी यादव सहित बड़ी संख्या में यादव बंधु महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए।

**सेंट पॉल्स स्कूल में 1973 बैच का मनाया शाला प्रवेशोत्सव :** रायपुर। बैरन बाजार स्थित सेंट पॉल्स स्कूल में सोमवार को सेंट पॉल्स स्कूल 1973 बैच का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य जयवंत मसीह ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि, शिक्षक डेविड का स्वागत किया। इसी दौरान समारोह के संयोजक निरंजन सिंह यादव ने बताया कि सन 1967 में एंट्रेंस एग्जाम देकर सेंटपॉल्स स्कूल में भर्ती होने की याद को जीवंत रखने तथा छात्र जीवन को फिर से जीने की चाहत लिए यह कार्यक्रम में किया गया।



**खबर संक्षेप**



## गौरव विद्या मंदिर में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा द्वारा तिलक लगाकर किया गया तथा बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य दिनेश सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाइल तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी सरवरी निशा, माधुरी पटेल ने दी।

## भारतीय न्याय संहिता, अंग्रेज़ी क़ानून की ग़ुलामी से वास्तविक आज़ादी: प्रखर



**सरायपाली।** भारतीय न्याय संहिता देश के नागरिकों के लिए अंग्रेजी कानून से वास्तविक आज़ादी है। इंडियन पीनल कोड में कई ऐसी धाराए थी, जो समय के साथ अस्तित्वहीन थी जिन पर विचार कर संशोधन करना किसी भी सरकार की प्राथमिक ज़िमेदारी थी। परंतु, देश की मोदी सरकार ने देश हित में देशवासियों के हित में संशोधन कर लागू करवाया है। इंडियन पीनल कोड 1862 से लागू आज़ादी से पूर्व का क़ानून था, जिसे पूर्ण रूप से अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था, जो उस समय की अंग्रेज़ी सरकार द्वारा बनाया गया। क़ानून जो कहीं ना कही लोगों को न्याय के लिए आज के समय में कम प्रासंगिक था और कही ना कही न्याय में देरी की बहुत बड़ी वजह भी यह व्यवस्था थी, भारतीय न्याय सहिता के लागू होने से कहीं ना कहीं न्याय व्यवस्था में सुधार होगा।

**बैठक :** नगरीय क्षेत्रों में बारिश और बाढ़ से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास करने के दिए निर्देश

# सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण संवेदनशीलता के साथ शीघ्र बनाएं: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

शासकीय सेवा से अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल पेंशन प्रकरण उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि लंबे वर्षों तक सरकारी विभाग में सेवा देने के पश्चात उन्हें भटकना न पड़े। उन्होने मंगलवार को समय सीमा की बैठक के दौरान दर्ज पत्रकों की समीक्षा की। कहा कि तीन माह पूर्व से ही उनका प्रकरण तैयार करना प्रारम्भ कर देवें। उन्होंने कहा कि जुलाई और अगस्त में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की जानकारी अभी से तैयार कर लेवें और प्रक्रिया प्रारंभ कर दें।

कलेक्टर ने कहा कि यह समस्त विभाग प्रमुखों की जिम्मेदारी है कि वे संवेदनशीलता के साथ प्रकरण तैयार करें। इस तारतम्य में जिले के पांच कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन प्रकरण के प्रमाण पत्र सौंपे गए। कलेक्टर ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर उनके द्वारा किए गए शासकीय कार्य को सराहा गया। इन विभागों में पुलिस विभाग से एक, शिक्षा विभाग से तीन और आदिम जाति विकास विभाग से एक कर्मचारी शामिल है।



समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के लिए भी शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी के प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। शासकीय विभागों की समीक्षा के दौरान शाला प्रवेशोत्सव और पुस्तक वितरण की जानकारी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय शालाओं के सभी बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण की जा चुकी है। वहीं निजी विद्यालयों में दर्ज संख्या अनुसार पुस्तकें वितरित की जा रही है।

### योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़ने के निर्देश

कलेक्टर ने बरसात के मौसम को देखते हुए नगरीय क्षेत्र में भी मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर सेना के साथ बारिश और बाढ़ से निपटने का पूर्वाभ्यास करने कहा है। इसी तरह मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत पात्र व छूटे हुए हितग्राहियों को योजना अंतर्गत जोड़ने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में शासकीय कर्मियों को आबंटित होने वाले आवास के लिए निर्मित सॉफ्टवेयर को प्रदर्शित किया गया। अब सभी शासकीय कर्मियों को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से आवास आबंटित होगा। कलेक्टर ने कहा कि आवास के लिए वरिष्ठता के आधार पर आवास का आबंटन किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## आयरन टेबलेट खाने से होने वाले लाभ के बारे में स्कूली बच्चों को कराया अवगत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद एमआर सावंत एवं सहायक संचालक सतीश नायर के निर्देशन एवं बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मंगलवार को आईएफए विप्स आयरन टेबलेट खिलाई गई।

सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने बच्चों को प्रार्थना सभा में टेबलेट खाने के लिए प्रेरित किया एवं प्रशिक्षित स्टेट रिसोर्स ग्रुप मेंबर (एसआरजी), शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने आयरन टैबलेट खाने से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया गया। सीएसी कामता पटेल से प्राप्त आयरन टेबलेट को नियमानुसार विद्यार्थियों को प्रदाय किया गया, जिसे सभी बच्चों ने उत्साह के साथ खाया। शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षित हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसडर सुब्रत प्रधान, मीना एस.प्रकाश, विनोद कुमार चौधरी, रश्मि राजा एवं कक्षा शिक्षकों का योगदान रहा।

# पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर 5 साल बाद कुंभकर्णी नींद से जागे, तुमगांव नगरवासियों ने किया विरोध

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

- तुमगांव के लोगों ने कहा : अब बदल रही नगर की तस्वीर

नगर पंचायत तुमगांव में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण और सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अथक प्रयास से नगर की विकास तस्वीर अब धीरे-धीरे बदल रही है। नगर पंचायत तुमगांव एक विकसित नगर के रूप में पूरे क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। लगातार नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे है, लेकिन अब भी गरीबों का कुछ महत्वपूर्ण काम छूट गया है। जिसमें भाठापारा वार्ड नं 12, 13, 14, 15 में प्रधनामंत्री आवास योजना है। अभी तक उन वार्डों में गरीब परिवार के लोगों का घर नहीं बना है। कारण है कि घास जमीन व बड़े जंगल की झाड़ की जमीन। इन वार्डों की जमीनों को वर्तमान नगर पंचायत तुमगांव के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर और पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर 5 वर्ष तक विनोद चंद्राकर कुंभकर्णी की नींद में सोए रहे। गरीबों का घर बनाने के लिए इन वार्डों की जमीन को आबादी नहीं करवा पाए। 2 वर्ष पूर्व नगर पंचायत तुमगांव में आईटीआई कॉलेज खुलवाने की स्वीकृति को लेकर बड़े-बड़े पेपर विज्ञापन होर्डिंग लगवा कर झूठा श्रेय लिया गया। नगर पंचायत तुमगांव के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार गौरव पथ कार्य का मांग किया गया, लेकिन तुमगांव में भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के कारण भेदभाव पूर्ण गौरव पथ को रोका गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल ने बताया कि कांग्रेस आज जिन ठेकेदार के कार्यों को लेकर जो दिखावा विरोध कर रहे है वे सभी पूर्व विधायक के रिश्तेदार है। उन सब का निष्पक्ष जांच कराने में हम सहयोग करेंगे और उच्च स्तरीय जांच करवाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सभापति पार्षदगण, नगर के वरिष्ठजन, युवा, महिला, भाजपा तुमगांव सिरपुर मंडल के युवा मोर्चा उपस्थित रहे।





## कार्यशाला में प्राध्यापकों को एनईपी की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रो. अजय कुमार राजा एवं प्राचार्य अंकिता चंद्राकर व समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यशाला दो पाली में हुई। प्रथम पाली में प्रो. अजय कुमार राजा द्वारा समस्त प्राध्यापकों को एनईपी 2020 के तहत महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें प्रवेश से संबंधित एवं एकेडमिक बैक आफ क्रेडिट एवं सेमेस्टर वेल्यू एडेडीट कोर्स की जानकारी दी गई। इसके उपरान्त द्वितीय पाली में मूल्यांकन विद्यार्थियों के विभिन्न कौशलों, गुणवत्ता एवं सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। बाद प्राचार्य द्वारा कहा गया कि देश की शिक्षा में बदलाव किया जाना है तो उसकी शिक्षा नीति में परिवर्तन होना चाहिए, जो कि 34 वर्ष उपरांत बदलाव की गयी है। अब इसकी शुरूआत हो चुकी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कला (बीए) एवं विज्ञान संकाय (बीएससी बायो) के सहायक प्राध्याकगण उपस्थित रहे। अंत में उमा चौधरी ने आभार व्यक्त किया गया।

# प्रतीक को मिला कोफोर्ज में डेटा साइंटिस्ट का जॉब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा**

- परिवार और समाज को किया गौरवान्वित

सामान्य परिवार से आने वाले विद्यार्थी प्रतीक कौशिक जिन्होंने शासकीय प्रयास बालक विद्यालय सड्डू रायपुर से 12वीं की परीक्षा के साथ-साथ जेईई मेंस और एडवांस की परीक्षा दी और आईआईटी रुड़की के लिए चयनित हुए। आईआईटी रुड़की में मैथेमेटिक्स एंड कप्यूटिंग विषय में शानदार परफॉर्मेंस दिखाते हुए प्लेसमेंट सलेक्शन के तहत नोएडा स्थित कोफोर्ज कंपनी में डेटा साइंटिस्ट का जॉब हासिल कर परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है।



उल्लेखनीय है कि प्रतीक कौशिक प्रारंभ से मेधावी छात्र रहें। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा से 10वीं की परीक्षा 95 प्रतिशत एवं प्रयास विद्यालय सड्डू रायपुर से 12वी की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित किया है। प्रतीक कौशिक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और प्रयास विद्यालय सड्डू रायपुर के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी प्रणव बैनर्जी को दिया है। इनकी माता दमयंती कौशिक पेशे से शासकीय शिक्षिका हैं। वे बहुत दूरदर्शी, दृढ़ निश्चयी एवं विदुषी महिला है। वर्तमान में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में पदस्थ हैं और छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बागबाहरा की महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष है। पिता देवीचंद कौशिक माहरा वस्त्रकार समाज खल्लारी-बिंद्रानवागढ़ परिक्षेत्र के सहसचिव हैं। वे समाज के कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और सहयोगी प्रवृत्ति के हैं। प्रतीक कौशिक की इस सफलता पर माहरा वस्त्रकार समाज खल्लारी-बिंद्रानवागढ़ परिक्षेत्र नवनीत नाग (मामा) एवं कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री बल्लाराम नाग (नाना), हेमंत कौशिक(बड़े पापा), लक्ष्मीचंद कौशिक (चाचा), अक्षय कौशिक (बड़े पापा), किशोर नाग (मामा), यशवंत नाग, बाबूलाल बेल, अरुण प्रधान, बबला प्रधान,दुर्गा वस्त्रकार, मुरली वस्त्रकार, चंचल कौशिक (छोटी बहन) आदि हर्ष जताया है।


# जम्हारी स्कूल परिसर में किया गया वृहद पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल केंदुवां द्वारा हाईस्कूल मैदान परिसर जम्हारी में मंडल स्तरीय वृहद पौधारोपण किया गया। जिस तरह से गर्मी बढ़ रही है और समय पर बारिश का न होना या कम होने का मुख्य कारण देश में पेड़ों की अवैध कटाई और पेड़ों की संख्या का कम होना है। इसलिए नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया कि सभी अपने माँ के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं और प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दें। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा मंडल केंदुवां के कार्यकर्ताओं ने शासकीय हाई स्कूल जम्हारी में अध्यनरत छात्र छात्राओं के साथ अधिक मात्रा में फलदार एवं छायादार पेड़ लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रदेश संयोजक सरला कोसरिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता केंदुवां मंडल के मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा के जिला महामंत्री पुष्पा चौहान, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा छबीला डड़सेना, सरपंच लक्ष्मीवती चौहान, पंकज साहू, बाबूलाल पटेल, नेपाल साहू, कुसुम सिदार, प्रमोद सागर, प्रमोद पटेल,किशन जायसवाल, सत्यप्रकाश सतपथी, प्रकाश राणा, रिक्की अग्रवाल,सुनील सोनी, छबि डड़सेना, रवि चौहान, उत्तम डड़सेना, टिकेश्वर पटेल, तरुण सतपथी, चतुर्भुज डड़सेना, गौरीशंकर पटेल, कन्हैयालाल पटेल, लक्ष्मीप्रसाद पटेल, जयप्रकाश चौधरी, हेतराम पटेल, राजेश पटेल, निरंजन पटेल, खगेश्वर पटेल एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ हाईस्कूल के स्टाफ और छात्र छात्राएं बहुत संख्या में उपस्थित होकर सभी ने अपने मां के नाम एक एक पेड़ लगाया। कार्यक्रम का संचालन साहू ने किया।

शोक-संदेश



जन्म
01/01/1954

स्व.श्री अग्नि चन्द्राकर जी

स्वर्गवास
24/06/2024

शोक संतप्त हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
मेरे पति श्री अग्नि चन्द्राकर जी का स्वर्गवास दिनांक 24 जून 2024,
दिन-सोमवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं।
अतः पुण्यात्मा की शांति हेतु सपरिवार पधारकर हमें अनुग्रहित करें ।

-कार्यक्रम-
दशगात्र
03 जुलाई 2024, बुधवार
तालाब कार्यक्रम प्रातः 11 बजे (लभरा कला)
कार्यक्रम स्थान - ग्राम-खट्टी, महासमुन्द
कृपया भेंट सामाग्री न लावें।

-: विनीत :-
श्रीमती पद्मा चन्द्राकर (पत्नी)
दिव्येश-मिनाली (पुत्र-वधु), जवाहर लाल (भैय्या)
अशोक चन्द्राकर (भाई) मो.- 8349333303

टीप - जिन किसी स्नेहीजनों को शोकपत्र नहीं प्राप्त हुआ हो कृपया इसे ही सूचना जाने।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय स्तर पर हितेश का मॉडल का चयन

महासमुंद। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में चल रहे राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक 2022-23 में महासमुंद जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी के छात्र हितेश कुमार साहू के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया है, जिनकी मार्गदर्शक शिक्षिका हेमलता साहू रही। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश कुमार नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला विज्ञान नोडल हेमेंद्र आचार्य, जिला विज्ञान संयोजक जगदीश सिन्हा, व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश, प्राचार्य भूषण लाल सिरमौर हाईस्कूल खल्लारी ने हर्ष जताया है।

### कॅरियर गाइडेंस सेमिनार 7 को

रायपुर। भारतीय बौद्ध महासभा का कॅरियर गाइडेंस सेमीनार और समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 7 जुलाई को दोपहर 3 बजे से प्रेस क्लब सभागार में आयोजित है। कार्यक्रम में डॉ. केपी यादव वाइस चांसलर मैट्स युनिवर्सिटी प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देने मौजूद रहेंगे। सेमिनार में सभी हाईस्कूल, हायर सेकंडरी और कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं, प्रवेश निशुल्क रखा गया है।

## आयोजन : पटेवा में हुआ जिला एवं विखं स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

# शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में चलाएंगे अभियान:योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



2 जुलाई को स्कूल शिक्षा विभाग जिला महासमुंद द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय पटेवा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता पूर्व विधायक महासमुंद डॉ विमल चोपड़ा एवं विशेष अतिथि के रूप में लक्ष्मण पटेल सभापति जिला पंचायत महासमुंद, सरपंच पटेवा जमुना सिन्हा, ललिता अग्रवाल भाजपा नेत्री, यतेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष महासमुंद, घासू राम दीवान जनपद सदस्य, धरम पटेल शिक्षाविद, दीपक सिन्हा शिक्षाविद, सुनील पटेल समाज सेवी, झनक लाल सिन्हा एवं बड़ी संख्या में पालक तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, मां भारतीय एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क गणवेश देकर व मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर प्रवेश करवाया गया। विकासखंड स्तरीय इस आयोजन में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के संदेश का वचन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ विमल चोपड़ा द्वारा किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने बच्चों का भविष्य बहुत ही खूबसूरती से सवारेंगे। शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में अभियान चलाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को हम सभी समन्वित प्रयास से प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान, एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, हीना ढालेन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल पटेवा के समस्त शिक्षक, व्याख्याता तुलेंद्र सागर, अर्चना तिवारी तथा संकुल समन्वयक सतीश तिवारी, राजू देवांगन, खिलावन कंडरा, शाहिद खान, कौशल सिन्हा, डोंगर सिंह टंडन, वेद राम गिलहरे, फनेद्र बंजारे, घनश्याम दीवान, कमल किशोर, गोविंद ध्रुव, देवानंद पटेल सहित आसपास के स्कूलों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य तुमगांव सुरेंद्र मानिकपुरी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्काउट गाइड्स के छात्र छात्राओं भूपेंद्र पाटकर, ईशा बंछोर, पुष्कर साहू, तरुण पाटकर तथा अन्य अनेक विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसकी प्रशंसा प्राचार्य ने अपने आभार प्रदर्शन में की।

## सौम्य बने इंटरनेशनल फीडे रेटेड प्लेयर, 1618 प्वाइंट से हुआ ओपन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिरकोनी

गत माह से राज्य स्तरीय ओपन रेटेड चेस प्रतियोगिता पिथौरा में 07 जून से 10 जून तक आयोजित किया था। जिसमें सौम्य कुमार साहू ने हिस्सा लिया तथा क्लासिकल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार रेटेड प्लेयर को हराकर इंटरनेशनल फीडे रेटिंग प्राप्त किया तथा 1618 प्वाइंट से रेटिंग ओपन हुआ। शतरंज के खिलाड़ियों की पहचान उसके फीडे रेटिंग से किया तथा रेटिंग खिलाड़ी बनना पहला लक्ष्य है। बिरकोनी निवासी नारायण लाल साहू के नाती सौम्य कुमार साहू केंद्रीय विद्यालय महासमुन्द में अध्ययनरत छात्र है तथा शिक्षक दंपत्ति ईश्वर साहू व लेखनी साहू के पुत्र है। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुंटे, खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे, विनेश दुल्तानी रायपुर, हरिकृष्ण रेड्डी राजनांदगांव, संदीप पाटले, विपिन साहू, कनक चंद्राकर, राजेश साहू, आशीष देवांगन, रूपेश पटेल, दिनेश चंद्राकर, राज दीवान, अजय साहू, विपिन तिवारी, मनोज चंद्राकर, राजू कंवर, विजय साहू, चंद्रहास साहू, खिलेश सोनबेर, राजेंद्र हनुमंता, घनश्याम यादव सहित मित्रों व परिवारजनों ने हर्ष जताया है।



### खट्टाडीह स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला खट्टाडीह में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया व गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा सरपंच खेमराज ठाकुर, विशेष अतिथि कुमार चक्रधारी प्रदेश अध्यक्ष सर्व कुम्हार समाज छत्तीसगढ़ व शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य के हाथों गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानपाठक श्रद्धा महानंद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा सिन्हा, सहायिका कांति चक्रधारी, शाला प्रबंधन विकास समिति के उपाध्यक्ष पूजा ठाकुर, दीनेश्वरी साहू, हुर्दा चक्रधारी, पूर्व पंच किशन चक्रधारी, पूनम साहू, रमशीला चक्रधारी, हेमिन चक्रधारी, सुकबति सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# पहले हो पदोन्नति, बाद में युक्तियुक्तकरण : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के

**अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए विषय तथा कक्षा संख्या के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना हो : फेडरेशन**

अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप आंकड़ा और अधिक हो गया है। टी-संवर्ग में 2013 एवं ई-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है, जो कि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडिल स्कूल के 5715, शिक्षक के 15969 एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है।





छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, महासमुंद जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर एवं महामंत्री हेमेंद्र आचार्य का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक, माध्यमिक, हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। ऐसे में शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिए। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक/शिक्षकविहीन हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय, पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय, हाईस्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय, कला संकाय के 3 विषय, गणित/बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है, जो कि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है। फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए। पहले पदोन्नति फिर युक्तियुक्तकरण का नीति निर्धारण होना शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में होगा।

# खट्टी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, न्योता भोज भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम खट्टी के सरपंच दुजराम साहू, विशेष अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेम लाल साहू, कन्या शाला की अध्यक्ष आस्था साहू, राम भरोसा साहू, श्रीकांत शर्मा सुभाष शर्मा मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चो को स्कूली किताबें और गणवेश प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच दूजराम साहू द्वारा प्राथमिक शाला में पहली के बच्चो को टाई और बेल्ट प्रदान किया गया। साथ ही उन्होंने सभी नव प्रवेशी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। और इसे प्राप्त करने के लिए जो सुविधाएं शासन द्वारा प्रदान की जा रही है उसकी जितनी भी तारीफ करे वो कम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने शाला प्रवेश उत्सव के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संकुल समन्वयक अशोक साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेम लाल साहू, कन्या शाला की अध्यक्ष आस्था साहू, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक राम भरोसा साहू, श्रीकांत शर्मा सुभाष शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सिराज बक्श एवं आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला खट्टी की प्रधान पाठिका श्रीलीना पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक अभिषेक सालोमन, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, त्रिवेणी कोसरे, उमा शंकर चंद्राकर, अंजुम शेख, सुनीता ध्रुव, देव कुमारी ध्रुव, शाला प्रबंध समिति के सदस्यगण व ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



नगर पंचायत तुमगांव में जय मां शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर के जन्मदिन पर नगर के मुक्तिधाम में 60 पौधे रोपे गए।

नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, जय मां शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के आव्हान पर एक एक पेड़ अपने मां के नाम से पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। यहां कुल 70 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, धर्मेंद्र यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक, वरिष्ठ जन उदयराम साहू, किसन साहू, रजउ धीवर, फत्ते निर्मलकर, चैतराम ध्रुव, शिव यादव, जीवराखन यादव, लालसिंग यादव, तीरथ साहू, कलीराम साहू, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, राजू साहू, शत्रुघ्न यादव, उत्तम निर्मलकर, भुनेश्वर साहू, उत्तम साहू, पप्पू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा पर विशेष जोर, कर्मा माता (करमसेनी दाई) कुलदेवी के रूप में कर्मा महोत्सव मनाने का प्रस्ताव

# सभी जाति समूह प्रांत स्तर पर संगठित होने हुए सहमत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ घासी, घसिया, सहिस, सारथी कल्याण समिति का दो दिवसीय प्रांतीय

**प्रत्येक जिला मुख्यालय में सामाजिक भवन के लिए शासन से मांग करने प्रस्ताव**

सामाजिक महासम्मेलन 29 एवं 30 जून को आयोजक जिला शाखा रायगढ़ के कोलता सामुदायिक भवन में रखा गया। जिसके प्रथम दिवस जानकी बाई काटजू महापौर नगर निगम रायगढ़ के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्षता केआर सागर प्रांताध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथिगण विलास सारथी जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़, प्रांतीय कमेटी के पदाधिकारी एवं समस्त जिला से उपस्थित जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधिगण के साथ रायगढ़ जिलाध्यक्ष पालू राम सारथी की उपस्थिति में महासम्मेलन का आगाज बाबा हाड़ी नाथ, सरस्वती माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व संविधानशिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प, माल्यार्पण, धूप दीप से पूजन अर्चन पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन कर शुभारम्भ हुआ।



द्वितीय सत्र में प्रांतीय कमेटी के पदाधिकारी एवं सभी जिलाध्यक्षों व प्रतिनिधिगण का आपस में चर्चा परिचर्चा के साथ महासम्मेलन का मुख्य विषय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति की सूची में चिंहित बिंदु क्रमांक 25 में सम्मिलित किए गए घासी, घसिया, सहिस, सारथी, साहनी, सूत सारथी, थनावार सभी समाज मिलकर प्रांत स्तर पर संयुक्त रूप से एक पंजीकृत संगठन में एक नाम एक बेनर बनाकर जिसका विस्तार जिला, ब्लाक एवं ग्राम व नगर स्तर पर संगठित होकर साथ साथ चलने सभी सहमत हुए। दूसरा विषय संगठन के माध्यम से समाज के संविधान (नियमावली) बनाए जाने के लिए समिति का गठन एवं परीक्षण समिति बनाकर नियमावली के अनुरूप सामाजिक क्रियाकलापों का संचालन के लिए आम सहमति बनी। तीसरा विषय समाज में शिक्षा एवं रोजगार को बढ़ावा दिए जाने पर विशेष जोर दिया गया। जिसमें स्कूल जाने योग्य बच्चों को अनिवार्य रूप से शतप्रतिशत विद्यालयों में भर्ती करने समाज के पालकों को प्रेरित कर अनिवार्य किया जाएगा। रोजगार के लिए शासन के विभिन्न योजनाओं को समाज के आम नागरिक तक पहुंचा कर लाभ दिलाने मदद करने व स्वरोजगार पर मार्गदर्शन कर सक्षम बनाने में सहयोग करने पदाधिकारी का कर्तव्य होगा। चौथा विषय समाज कर्मा माता (करम सेनी दाई) को कुलदेवी के रूप में प्रतिस्थापित कर कर्मा महोत्सव को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मनाने शासन स्तर पर मांग की जाएगी। पांचवा विषय छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला मुख्यालय में समाज का एक सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन की मांग शामिल है। जहां पर समाज का मांगलिक एवं विभिन्न सामाजिक कार्य सम्पन्न किया जा सके। षष्टम विषय प्रांतीय कमेटी का विस्तार जिसमें नवगठित जिला में जिला स्तरीय शाखा का गठन करना एवं राज्य स्तर पर संगठन का प्रचार प्रसार कर समाज के प्रत्येक सदस्य को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। साथ ही सामाजिक स्तर पर जनगणना भी किया जाएगा। जिससे समाज की एकता को मजबूती मिलेगा। इन सभी विषयों पर प्रांतीय कमेटी एवं जिलाध्यक्षों के साथ उपस्थित समाज के प्रबुद्धगणों ने चर्चा परिचर्चा कर समाजहित के लिए जरूरी बताया, जिसे सर्वसम्मति से उपस्थित सभी जिला के प्रतिनिधियों ने सहर्ष अपनी स्वीकृति प्रदान किए। द्वितीय दिवस अतिथियों के रूप में समाज के वरिष्ठ पूर्व विधायक सारंगढ़ शमशेर सिंह, चांदनी सहिस 5 बार पार्षद रहे सक्ती जिला एवं प्रांतीय कमेटी के पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। सभी आपस में उक्त विषयों पर विस्तार से चिंतन मनन कर चर्चा परिचर्चा कर सभी बिंदुओं को समाजहित के लिए अनिवार्य बताए। उपस्थित सभी कुटुम्बजनों ने संगठन को मानने व सहयोग प्रदान करने सहमत हुए। अंत में आयोजक जिला रायगढ़ द्वारा उपस्थित प्रांतीय कमेटी के पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्षों को साल फल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन पालू राम सारथी जिलाध्यक्ष रायगढ़ एवं कार्यक्रम का संचालन तुलेंद्र सागर जिलाध्यक्ष महासमुंद ने किया। महासम्मेलन में लल्ला साहनी प्रांतीय उपाध्यक्ष, डॉ बीआर नायक प्रांतीय उपाध्यक्ष, गंगाधर सोनवानी प्रांतीय संरक्षक, रोशन सागर प्रांतीय महामंत्री, तुलाराम कुलदीप प्रांतीय कोषाध्यक्ष, परस राम सागर प्रांतीय प्रवक्ता, टीका राम सारथी प्रांतीय प्रवक्ता, विमला सागर प्रांतीय संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, डॉ पीके साहनी प्रांतीय सदस्य, जिलाध्यक्षगण पालू राम सारथी रायगढ़, सरोज सोनवानी महिला प्रकोष्ठ रायगढ़, गुलाब सिंह नागे कोरबा, अनिल कुमार सागर जांजगीर चांपा, लखन लाल सहिस कोरबा, तुलेंद्रसागर महासमुंद, करम सिंह सहिस बिलासपुर, अन्य पदाधिकारीगण सेत कुमार कानूनगो, जय कुमार सारथी, कुंवर मणी मांझी, चंद्रसाय मांझी, जोहन सहिस, आरएल बाघ, तेजप्रकाश बंछोर, देव लाल सहिस, नील प्रकाश बंछोर, रामेश्वर साहनी, हेतराम सागर, जय लाल गिरी, बहुर सिंह सहिस, गोवर्धन बेनर्जी, रघुनंदन बेनर्जी, नरेंद्र साहनी, सुनील साहनी, शंकर सुमन मीडिया प्रभारी, मुन्ना लाल साहनी, अनुज्ञा सहिस, नारायण सारथी, किशन लसल सहिस, पवन सारथी, संतोष सारथी, नंदू सारथी, सुखराम सारथी, सखन लाल सारथी, सुख लाल सारथी, शांति बाई सारथी एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर विधायकों को सौंपा गया ज्ञापन



महासमुंद। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद एवं ब्लॉक ईकाई महासमुन्द द्वारा पदोन्नति में आरक्षण तथा फर्जी जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय भर्ती में अनुसूचित जनजाति को आरक्षण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों को लेकर प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आरएल ध्रुव प्रांताध्यक्ष, कमलेश ध्रुव उप प्रान्ताध्यक्ष, एसपी ध्रुव जिलाध्यक्ष, महेश ध्रुव महासचिव, एमएल ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष, टीआर ध्रुव कोषाध्यक्ष, शिवकुमार ध्रुव ब्लॉक कोषाध्यक्ष, सचिव राजकुमार ध्रुव, बाबू लाल ध्रुव आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी नीलकमल ध्रुव ब्लॉक मीडिया प्रभारी महासमुंद ने दी है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371